**प्रसार भारती**
**प्रादेशिक समाचार एकांश**
**आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)**

**19.10 रविवार** **दिनांक 20.07.2024**

**मुख्य समाचारः—**

- **संसद का मानसून सत्र कल से होगा शुरू।**

- **व्यक्तियों और समुदायों में मलेरिया संक्रमण की रोकथाम के लिए भारत विकसित कर रहा है टीका।**

- **बीजापुर जिले में माओवादियों द्वारा लगाए गए आईईडी में विस्फोट होने से एक ग्रामीण घायल।**

- **मौसम विभाग ने कल प्रदेश के एक—दो स्थानों पर गरज चमक के साथ भारी वर्षा होने की चेतावनी दी।**

**<u>संसद—मानूसन सत्र</u>**

संसद का मानसून सत्र कल से शुरू होगा। इक्कीस अगस्त तक चलने वाले इस सत्र के दौरान दोनों सदनों की कुल इक्कीस बैठकें होंगी। इस दौरान जन विश्वास संशोधन विधेयक, राष्ट्रीय खेल प्रशासन विधेयक और मर्चेंट शिपिंग विधेयक सहित कई महत्वपूर्ण विधेयकों पर चर्चा होने की संभावना है।

इससे पहले, आज नई दिल्ली में सर्वदलीय बैठक हुई। बैठक में विभिन्न राजनीतिक दलों के सदन के नेता शामिल हुए। सर्वदलीय बैठक के बाद संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि बैठक बेहद रचनात्मक रही। श्री रिजिजू ने कहा कि सरकार हर मुद्दे पर चर्चा के लिए तैयार है।

## राष्ट्रीय मंथन सत्र

"भारतीय कृषि में जैविक और अजैविक तनाव प्रबंधन पर नीति पत्र" विषय पर इक्कीस और बाईस जुलाई को रायपुर में राष्ट्रीय मंथन सत्र का आयोजन किया जाएगा। यह सत्र राष्ट्रीय जैविक स्ट्रेस प्रबंधन संस्थान रायपुर के सहयोग से राष्ट्रीय अजैविक स्ट्रेस प्रबंधन संस्थान, बारामती और भारतीय कृषि अर्थशास्त्र समिति मुंबई द्वारा आयोजित होगा। इस सत्र में देश के कृषि वैज्ञानिक, अर्थशास्त्री, नीतिनिर्माता और विभिन्न हितधारक शामिल होंगे।

## मलेरिया—टीका

भारत, मलेरिया से बचाव के लिए स्वदेशी टीका **एडफाल्सीवैक्स** विकसित कर रहा है। यह टीका मच्छरों के संक्रमण से सुरक्षा प्रदान करने और इसे अन्य लोगों में फैलने से रोकने में कारगर होगा। इस टीके का विकास भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद द्वारा राष्ट्रीय प्रतिरक्षा विज्ञान संस्थान के जैव प्रौद्योगिकी विभाग के साथ मिलकर किया जा रहा है। इसे मलेरिया के लिए ज़िम्मेदार दो सबसे घातक परजीवियों— **प्लाज्मोडियम और फैल्सिपारम** के निदान के लिए खासतौर से विकसित किया गया है।

## भूपेश बघेल—मुलाकात

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज परिवार के साथ रायपुर स्थित प्रवर्तन निदेशालय—ईडी के कार्यालय पहुंचकर अपने बेटे चैतन्य बघेल से मुलाकात की। गौरतलब है कि ईडी ने बीते अट्ठारह जुलाई को शराब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पूर्व मुख्यमंत्री श्री बघेल के भिलाई स्थित निवास में छापेमार कार्रवाई की थी। इसके बाद उनके बेटे चैतन्य बघेल को गिरफ्तार किया गया था, जो फिलहाल अभी ईडी की रिमांड पर है।

इस बीच, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा है कि ईडी केंद्रीय जांच एजेंसी है और वह सोच समझ के कार्रवाई करती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार ने जनता को धोखा दिया, अनेक घोटाले किए और भ्रष्टाचार के कारण वह जेल जा रहे हैं।

**ग्रामीण–घायल**

बीजापुर जिले में माओवादियों द्वारा लगाए गए आईईडी में विस्फोट होने से एक ग्रामीण घायल हो गया है। मिली जानकारी के अनुसार यह ग्रामीण कृष्णा गोटा कल शाम जंगल में गाय चराने गया हुआ था। इसी दौरान प्रेशर आईईडी की चपेट में आ गया। गंभीर रूप से घायल इस ग्रामीण को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

**कोतबा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र**

राज्य शासन ने जशपुर जिले के कोतबा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के लिए छप्पन पदों की स्वीकृति दी है। इसके तहत अस्पताल अधीक्षक, सर्जन, मेडिकल विशेषज्ञ, स्त्री रोग, शिशु रोग, दंत रोग विशेषज्ञ और चिकित्सा अधिकारी सहित विभिन्न पदों पर जल्द ही भर्ती की जाएगी। साथ ही कोतबा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के निर्माण करने के लिए चार करोड़ सैंतीस लाख की प्रशासकीय स्वीकृति भी दी गई है।

**छत्तीसगढ़ स्वच्छता सर्वेक्षण–विशेष स्टोरी**

स्वच्छता सर्वेक्षण दो हजार चौबीस में अच्छा प्रदर्शन करने वाले देश के नगरीय निकायों में छत्तीसगढ़ के भी सात नगरीय निकायों को अलग–अलग श्रेणी के राष्ट्रीय पुरस्कार मिले हैं। प्रदेश की बिल्हा नगर पंचायत को बीस हजार से कम आबादी वाले शहरों की श्रेणी में देश में पहला स्थान मिला है।

**छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले में स्थित है, बिल्हा नगर। स्वच्छता के क्षेत्र में अपने शानदार प्रदर्शन के कारण यह छोटा सा नगर इन दिनों चर्चा का विषय बना हुआ है। बीस हजार से कम आबादी वाले शहरों की श्रेणी में इसे देश में पहला स्थान मिला है। सत्रह जुलाई को जब राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बिल्हा की नगर पंचायत अध्यक्ष वंदना जेन्डरे और मुख्य नगर पालिका अधिकारी प्रवीण सिंह गहलोत को यह राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान किया, तो बिल्हा के सभी नागरिकों को गर्व की अनुभूति हुई है।**

**बिल्हा नगर पंचायत अध्यक्ष वंदना जेन्डरे ने बताया कि बिल्हा को यह उपलब्धि नगर पंचायत के अधिकारियों–कर्मचारियों और स्वच्छता मित्रों के साथ ही आम जनता के सहयोग से प्राप्त हुई है।**

**बिल्हा के लोगों का कहना है कि इस राष्ट्रीय पुरस्कार ने उन्हें जहां खुशी दी है, वहीं अपने नगर को भविष्य में भी स्वच्छता की दृष्टि से सर्वश्रेष्ठ बनाए रखने के लिए प्रेरित किया है।**

## प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार

प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए इकतीस जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन किए जा सकते हैं। राज्य सरकार ने नागरिकों, संस्थाओं, अभिभावकों और शिक्षकों से अपने क्षेत्र के पांच से अट्ठारह वर्ष तक के आयु वर्ग के बच्चों को इस सम्मान के लिए आवेदन कराने की अपील की है। इस पुरस्कार के लिए वे बच्चे आवेदन कर सकते हैं, जिन्होंने बहादुरी, सामाजिक सेवा, पर्यावरण संरक्षण, खेल, कला–संस्कृति और विज्ञान–प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में असाधारण प्रदर्शन किया हो।

## लेखा नेताम–स्वर्ण पदक

उत्तरप्रदेश के नोएडा में सोलह से बीस जुलाई तक आयोजित केंद्रीय विद्यालय की राष्ट्रीय जूडो प्रतियोगिता में कोण्डागांव जिले की लेखा नेताम ने स्वर्ण पदक जीता है। बंधापारा निवासी लेखा नेताम को यह प्रशिक्षण कोण्डागांव स्थित भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल–आईटीबीपी द्वारा प्रदान किया गया था। इस उपलब्धि के लिए क्षेत्रीय मुख्यालय भुवनेश्वर के उप महानिरीक्षक संजीव रोलबा और एकतालीसवीं वाहिनी के सेनानी नरेंद्र सिंह के कुशल नेतृत्व की विशेष सराहना की जा रही है।

**मुख्यमंत्री–कौशल उत्सव**

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा है कि राज्य सरकार "विकसित भारत–विकसित छत्तीसगढ़" के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए निरंतर कार्यरत हैं और इसमें समाज के प्रत्येक वर्ग की सक्रिय भागीदारी अनिवार्य है। मुख्यमंत्री श्री साय आज भिलाई स्थित एक निजी विश्वविद्यालय में आयोजित विश्व युवा कौशल उत्सव के समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स की टीम ने आठ हजार से अधिक प्रतिभागियों को एक सप्ताह के भीतर दिए गए प्रशिक्षण को प्रमाणित किया है और इस संस्थान को इसका प्रमाण पत्र प्रदान किया गया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार युवाओं को आत्मनिर्भर और दक्ष बनाने के लिए संकल्पबद्ध है।

**मौसम**

प्रदेश में मानसून एक बार फिर सक्रिय हो गया है। मौसम विभाग ने कल प्रदेश के एक–दो स्थानों पर गरज चमक के साथ भारी वर्षा होने की चेतावनी दी है। भारी वर्षा का क्षेत्र मुख्यतः बिलासपुर संभाग के पूर्वी जिले और सरगुजा संभाग के जिले में संभावित है। मौसम विज्ञानी एच.पी. चन्द्रा ने बताया कि कल प्रदेश के अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा की संभावना है।

राजधानी रायपुर में आज सुबह बारिश हुई। वहीं, बालोद जिले के दल्ली राजहरा में भी सुबह से लगातार बारिश का सिलसिला जारी है। बारिश की वजह से शहर के निचले बस्तियों में पानी भर गया है। वहीं, दल्ली राजहरा से अंतागढ़ जाने वाली रेलवे ट्रैक पानी में डूब गई है।

इस बीच, जल संसाधन विभाग द्वारा जारी टैंक गेज रिपोर्ट के अनुसार राज्य के प्रमुख सिंचाई जलाशयों में अब तक उनचास प्रतिशत से अधिक जलभराव हो चुका है। बिलासपुर स्थित खारंग डेम और दुर्ग जिले का खपरी जलाशय लबालब हो गया है। राज्य के कुल छियालीस प्रमुख जलाशयों में से झुमका जलाशय में अंठानवे

प्रतिशत, मनियारी जलाशय नब्बे प्रतिशत और छरपानी जलाशय में इंक्यानवे प्रतिशत से अधिक जलभराव हो चुका है।

**<u>संक्षिप्त समाचार</u>**

- छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा ने आज बिलासपुर जिला के बिल्हा तहसील में नवीन सिविल कोर्ट भवन का लोकार्पण किया।

- जांजगीर–चांपा जिले में सेवानिवृत्त लिपिक को डिजिटल अरेस्ट कर बत्तीस लाख रूपए से अधिक की ठगी करने का मामला सामने आया है। सिटी कोतवाली पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

- दुर्ग जिले की भिलाई पुलिस ने पांच लाख अठासी हजार रुपए गबन करने के मामले में कृषक सेवा सहकारी समिति कोहका के पूर्व प्रभारी सहायक प्रबंधक डाकवर धुर्वे को गिरफ्तार किया है।

- रायपुर पुलिस ने घातक हथियार बिक्री–डिलिवरी करने वाली ऑनलाईन शॉपिंग कंपनी और एक निजी कोरियर के छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

- बलरामपुर जिले के तुंगवा गांव के पास आज यात्री बस की चपेट में आने से बाइक सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई।

- सक्ती पुलिस ने गांजा परिवहन करने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से ग्यारह किलोग्राम गांजा, दो मोबाइल और एक दोपहिया वाहन बरामद किया गया है, जिसकी कीमत दो लाख तीस हजार रुपये बताई गई है।

- स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों के संविदा शिक्षकों और कर्मचारियों ने विभिन्न मांगों को लेकर आज नवा रायपुर में एक दिवसीय सांकेतिक धरना प्रदर्शन किया और ज्ञापन सौंपा।

- दुर्ग के सेंट्रल जेल में एक विचाराधीन बंदी ने आज सुबह बाथरूम में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>